उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या : 47/2017/703/छप्पन-17-23/2017
लखनऊ : दिनांक : 05 जून, 2017

कार्यालय-ज्ञाप

नियुक्ति

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 की परिचालन इकाई में पायलट (फिक्स्ड विंग) के रिक्त पद पर विंग कमांडर राजेश नारायण को शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014 -17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के द्वारा संविदा सेवा के पायलटों के लिए अनुमन्य पारिश्रमिक रेन्ज रू0 2.50 लाख से 4.50 लाख के अन्तर्गत रूपए 4.00 लाख (रूपए चार लाख मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक, अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ते एवं नियमानुसार अनुमन्य वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष (दो वर्ष) की अवधि के लिए राज्यपाल महोदय संविदा पर नियुक्त किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- विंग कमांडर राजेश नारायण को उक्त संविदा अवधि में उपर्युक्त नियत मासिक पारिश्रमिक व अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ते के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। उपर्युक्त शर्तो के अधीन रहते हुए उन पर संविदा सेवा अवधि में अन्य शर्तें वही लागू होंगी, जो अस्थायी कर्मचारियों पर लागू होती है। वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 के सहायक नियम-157-ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भांति अवकाश देय होगा।

3- विंग कमांडर राजेश नारायण से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करा कर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा और उसकी एक प्रति सम्बन्धित पायलट को भी उपलबध कराई जाएगी।

(एस0पी0 गोयल)
प्रमुख सचिव।

विंग कमांडर राजेश नारायण
एच.एन.-एच -1/50
कृष्णापुरम,कानपुर -208007

संख्या : 47/2017/703(1)/छप्पन-2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ कि विंग कमांडर राजेश नारायण से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन और एक प्रति सम्बन्धित पायलट को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- महालेखाकार-प्रथम (आडिट/लेखा), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6- कार्मिक अनुभाग-1/ नियोजन अनुभाग-4
7- सम्बन्धित पायलट की व्यक्तिगत पत्रावली के लिए/ गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।